बाबा करते है अटेन्शन दे दे मुझे अपनी टेंशन

बाबा करते है अटेन्शन,
दे दे मुझे अपनी टेंशन,
एक बार तो टेंशन को तुम,
करके देखो नो मेंशन,
दाता तो वही एक दाता है,
जन्मों का उससे नाता है।bd।

तर्ज – सूरज कब दूर गगन से।

सौंप दे अपनी जीवन नैया,
श्याम प्रभु के हाथों में,
सच्चे सुख का चाँद खिलेगा,
दु:ख की काली रातों में,
जो सांसे बीती जाए,
वो लौट कभी ना आए,
फिर सोच सोच कर प्यारे,
तू क्यों ये समय गँवाए,
दाता तो वही एक दाता है,
जन्मों का उससे नाता है।bd।

साथ चले ना धन और दौलत,
ना कोई भाई बंधु,
नाम खज़ाना संग जाएगा,
नाम सुमर ले प्यारे तू,
मतलब की दुनिया सारी,
क्यों तूने उमर गँवाई,
गफलत की नींद में सोया,
कर अपने साथ सचाई,
दाता तो वही एक दाता है,
जन्मों का उससे नाता है।bd।

श्याम शरण में आकर प्यारे,
किस्मत के खुलते द्वारे,
'साखी' रहमत ऐसी बरसे,
कर दे जो वारे न्यारे,
तू छोड़ के चिंता सगळी,
इस सौंड को भी तिरसे मोरा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब भी ना वक़्त गया है,
तू सफल ये जीवन कर जा,
दाता तो वही एक दाता है,
जन्मों का उससे नाता है।bd।

बाबा करते है अटेन्शन,
दे दे मुझे अपनी टेंशन,
एक बार तो टेंशन को तुम,
करके देखो नो मेंशन,
दाता तो वही एक दाता है,
जन्मों का उससे नाता है।bd।

लेखक – ताराचन्द खत्री (साखी)
+919887910107
वीडियो उपलब्ध नहीं।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com